भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
04.02.2022 के
तारांकित प्रश्न सं. 31 का उत्तर

कर्पूरीग्राम स्टेशन के नजदीक ओवरब्रिज का निर्माण

***31. श्री राम नाथ ठाकुरः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन सोनपुर मंडल के अंतर्गत अवस्थित है;

(ख) क्या कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन के नजदीक उत्तर दिशा में एक महाविद्यालय, उच्चतर विद्यालय एवं अस्पताल अवस्थित है;

(ग) क्या इस स्टेशन पर रेक प्वाइंट होने के कारण यहाँ ट्रकों की लम्बी कतार लगी रहती है और रेलवे फाटक बंद रहने के कारण शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व अस्पताल आने वाले मरीजों को घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में पश्चिम दिशा में रेलवे फाटक पर एक ओवरब्रिज या अंडरपास बनाने का विचार रखती है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

कर्पूरीग्राम स्टेशन के नजदीक ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में दिनांक 04.02.2022 को राज्य सभा में श्री राम नाथ ठाकुर के तारांकित प्रश्न सं.31 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (घ): जी हां। कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल के अंतर्गत आता है। कर्पूरीग्राम स्टेशन के निकट उत्तर दिशा में एक कॉलेज, हाई स्कूल और स्वास्थ्य इकाई स्थित हैं। यह कॉलेज, स्कूल और स्वास्थ्य इकाई एक परिसर में हैं और उसमें जाने का रास्ता रेलवे गुड्स शेड रोड की ओर से है, जिसमें स्टेशन के दोनों छोरों पर दो समपार (समपार फाटक सं.58 और 59) हैं। इस स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 53 रेलगाड़ियां गुजरती हैं, इसलिए संरक्षा हेतु समपारों को बंद करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, इस स्टेशन पर गुड्स शेड (रेक प्वाइंट) पर प्रतिदिन औसतन 2 रेक आते हैं, जिनके लिए शंटिंग के दौरान समपारों को बंद करना पड़ता है।

समपार फाटक सं.59 स्टेशन के पश्चिम की ओर स्थित है जिसकी गाड़ी वाहन इकाई (टीवीयू) 49397 है। व्यस्त यार्ड में स्थित इस समपार पर, आरओबी के निर्माण के लिए रेलवे द्वारा लागत में हिस्सेदारी के आधार पर विचार किया जा सकता है, यदि इसकी व्यवहार्यता हो। इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। किनारों की ऊंचाई कम होने के कारण, इस स्थान पर सड़क के नीचे पुल (आरयूबी) का निर्माण करना तकनीकी रूप से व्यवहार्य नहीं है।

****